पीएमजीएसवाइ में सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर

चर्चा में क्यों?

24 जनवरी, 2022 को छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित बैठक में बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाइ) में सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर है।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस ऑनलाइन बैठक में विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई।
- छत्तीसगढ़ के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति के बारे में बताया कि प्रदेश में योजना के पहले, दूसरे और तीसरे फेज के अंतर्गत कुल 42 हजार किमी. से अधिक की 8547 सड़कें स्वीकृत हैं।
- नक्सल प्रभावित इलाकों में कुल 176 किमी. लंबाई की 38 सड़कों के निर्माण के लिये निविदा स्वीकृत हो गई है। शेष 277 किमी. की 54 सड़कों के लिये पुनर्निविदा की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है।
- उन्होंने बताया कि सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूर्ण एवं प्रगतिरत सड़कों के 393 निरीक्षण किये गए हैं, जिनमें कोई भी असंतोषप्रद श्रेणी में नहीं है।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे फेज में राज्य को 5612 किमी. लंबाई की सड़क आवंटित थी। इन सभी सड़कों की स्वीकृति दो चरणों में प्राप्त कर राज्य प्रथम रहा है। इसके तहत स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण मार्च 2022 तक पूर्ण हो जाएगा।
- उन्होंने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से 2000 किमी. लंबाई की अतिरिक्त सड़क मंजूर करने का आग्रह किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में केंद्रांश एवं राज्यांश 60:40 के अनुपात में आवंटन की तरह ही सड़कों के नवीनीकरण और संधारण के कार्यों में भी 60:40 के अनुपात में आवंटन लागू करने का आग्रह किया।
- प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये ई-पोर्टल पर चार नए मॉड्यूल शुरू किये गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य के लिये स्वीकृत दस लाख 97 हजार आवासों में से आठ लाख 23 हजार आवासों का निर्माण पूर्ण हो गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-ranks-first-in-the-quality-of-roads-in-pmgsy